## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी।** संभागायुक्त अभय वर्मा ने तहसील विजयराघवगढ़ के नायब तहसीलदार प्रसन्न कुमार वर्मा को अवचार एवं कदाचार के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संभागायुक्त जबलपुर को भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर ये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में नायब तहसीलदार वर्मा के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील के अधीन कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित किया गया था। संभागायुक्त जबलपुर ने इस आधार पर नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के भीतर अपना पक्ष विहित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। अन्यथा यह मानते हुए कि नायब तहसीलदार प्रसन्न कुमार वर्मा को इस संबंध मे कुछ नही कहना है को आधार मानते हुए एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

### जिला कौशल समिति की बैठक कल आयोजित

**कटनी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला कौशल समिति की अध्यक्षता में रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित बैठक कल 5 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। नोडल प्राचार्य एवं सचिव जिला कौशल समिति शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों से विभागीय प्रस्ताव अनुमोदन हेतु बैठक पूर्व प्रेषित करने तथा समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### लोकसभा चुनाव के दौरान मृत कोटवार के आश्रितों के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा ग्राम कोटवार निवासी ग्राम रजरवारा नंबर .2 भल्लू राम गड़ारी की लोकसभा चुनाव डयूटी के दौरान हुई मृत्यु पर नियमानुसार अनुग्रह राशि का भुगतान करने के भेजे प्रस्ताव के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग ने भल्लूराम के आश्रित को 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की है। विदित हो कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान ग्राम रजरवारा नंबर .2 निवासी ग्राम कोटवार भल्लूराराम गडारी की विशेष पुलिस अधिकारी के रूप मे डयूटी मतदान केन्द्र क्रमांक 140 विजयराघवगढ़ . 92 के रजरवारा नंबर .1 में लगी थी। निर्वाचन कर्तव्य हेतु जाते समय बीते 25 अप्रैल को मोटर साईकिल दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से श्री गडारी की मृत्यु हो गइ थी।

### भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा 7 को

**उमरियापान।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उमरियापान में भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथयात्रा 7 जुलाई को वैश्य समाज के संयोजन में ब्यौहार मोहल्ला स्थित मंदिर से शाम 3 बजे निकाली जावेगी। यात्रा प्रमुख मार्गों में भ्रमण उपरांत यात्रा का बिरखा स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में समापन होगा। जहां जगदीश स्वामी जी की विशेष पूजा अर्चना एवं महाआरती की जावेगी। उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रृद्धालुओं से यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

### छात्रावास के सामने पानी भरने से हो रही परेशानी

**कटनी।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद के सामने मार्ग में इन दिनों बारिश होने से पानी का भर जाता है, इस कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी समस्या छात्रावास स्टॉफ व छात्राओं को उठानी पड़ रही है।स थानीय जनों ने बताया कि जल जीवन मिशन अभियान के तहत पाइप लाइन विस्तारीकरण के लिए मार्ग मे खुदाई की गईं लेकिन खुदाई स्थल का समतलीकरण नही किया गया। बारिश के पानी की निकासी नही हो रही। पानी निकासी न होने से पानी का जमावड़ा हो रहा है।

---

जिला प्रशासन के आव्हान पर स्वैच्छिक एवं सामाजिक संगठनों ने जन सहयोग का बढाया हांथ

# जिले के कुपोषण दर में रिकॉर्ड 45 प्रतिशत की कमी, मिली कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिले मे कुपोषण मुक्ति के लिए चलाये जा रहे अभियान में शासकीय भागीदारी और जन सहयोग के समन्वित प्रयासों के सार्थक परिणाम दिखने लगे है। जिले मे जनवरी 2024 की स्थिति मे जहां कुपोषित बच्चों की कुल संख्या 1021 थी, वहीं जून 2024 में यह घटकर 557 ही रह गई है। इस प्रकार जिले में संचालित सुपोषण अभियान की वजह से जिले के कुपोषण दर मे रिकॉर्ड 45 प्रतिशत की कमी परिलक्षित हुई है।

कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए संकल्पित कलेक्टर ने जिले मे कुपोषण को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए कई प्रयास किये एवं स्वैच्छिक एवं सामाजिक संगठनों की इस कार्य मे भागीदारी का आह्वान किया। जिससे जिले की कुपोषण दर मे उल्लेखनीय कमी आई। जिले मे जनवरी 2024 मे जहां गंभीर तीव्र कुपोषित सैम बच्चों की संख्या 154 थी, वह मई मे घटकर मात्र 87 हो गई है। जबकि मैम मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों की संख्या जो जनवरी मे 867 थी, वह मई में घटकर 470 ही रह गई। इस प्रकार पोषण किट प्रदान करने मे सामाजिक संगठनों की भागीदारी लेने से सैम और मैम बच्चों के पोषण स्तर मे क्रमशः 43 प्रतिशत और 46 प्रतिशत का सुधार हुआ। इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि जनवरी मे जहां जिले मे कुल कुपोषित बच्चों की संख्या 1021 थी, वह जून 2024 मे घटकर मात्र 557 ही रह गई। इस प्रकार आलोच्य अवधि के दौरान कुपोषित बच्चों की संख्या मे करीब 45 फीसदी की कमी आई ।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कुपोषित बेटी साक्षी से मुलाकात के बाद जिले मे जनवरी 2023 से कुपोषण मुक्त जिला बनाने की दिशा मे ठोस पहल शुरू की। समाज और सामाजिक संगठनों को जोड़ने का सिलसिला भी शुरू हुआ। बताया गया कि जनवरी 2023 मे जिले मे 232 गंभीर तीव्र कुपोषित सैम बच्चे और 1318 मध्यम तीव्र कुपोषित मैम बच्चे थे। इनकी संख्या मे कमी लाने पोषण आहार विशेषज्ञों से सतत परामर्श के बाद अप्रैल 2023 मे 200 बच्चों को अतिरिक्त पोषण किट प्रदान किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप नौ महीने की अवधि मे ही सैम और मैम बच्चों के पोषण स्तर मे क्रमशः 27 प्रतिशत और 23 प्रतिशत का सुधार हुआ। जनवरी 2024 मे जिले मे कुपोषित बच्चों की कुल संख्या 1021 ही रह गई।

कुपोषण मुक्ति के लिए जनवरी माह से चलाए गए अभियान के दौरान कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने और उन्हे पोषण आहार प्रदान करने के लिए जनसहयोग प्रदान करने वाली संस्थाओं का सहयोग लिया गया। जिला प्रशासन के आव्हान पर कुपोषण मुक्ति के इस अभियान मे समेकित रूप से 7 लाख 31 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई जिससे 1021 कुपोषित बच्चों को पूरक पोषण किट प्रदान किया गया। विशेषज्ञों की सलाह पर इसमें आयरन, विटामिन, मिनरल से भरपूर आहार को शामिल किया गया। इसी क्रम मे ढीमरखेड़ा मे 557 कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान किया गया।

---

## कैल्ड्रीज कंपनी ने पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिसद को भेंट की महिन्द्रा थार



अनुभूति कार्यक्रम के तहत थार से बच्चें करेंगे जंगल सफारी वन्य जीवों और जैव विविधता से होंगे अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैल्ड्रीज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने सामाजिक सरोकारों का दायित्व निभाते हुए कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिल्टी के तहत जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिसद को कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा और उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा को महिन्द्रा थार वाहन की चाबी प्रदान की।

इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत पर्यटन प्रभारी अधिकारी कमलेश सैनी और कैल्ड्रीज कंपनी के अखिलेश द्विवेदी सहित अनुविभागीय अधिकारी वन सुरेश बडोले मौजूद रहे।

इस महिन्द्रा थार वाहन का उपयोग स्कूली बच्चों को वन विभाग के अनुभूति कार्यक्रम के तहत शहडार सहित अन्य स्थलों का जंगल सफारी कराने आदि के कार्य में उपयोग किया जायेगा। ताकि विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा से अवगत होकर प्रकृति और वन्य जीवों के प्रति संवेदनशील बन सकें। साथ ही स्कूली छात्र जंगलों में मौजूद जैव . विविधता और जंगल के परिस्थितिकीय तंत्र से भी अवगत हो सकें।

---

## मशीन की चपेट में आकर कटी मजदूर की उंगली, हाथ भी हुआ फैक्चर, कंपनी प्रबंधन मामले को दबाने में जुटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मजदूरों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर उनकी जान जोखिम में डालना कंपनी प्रबंधन के लिए महज एक खेल साबित हो रहा है। मजदूर सुरक्षा के तमाम नियमों को ताक में रखकर उनसे जोखिम भरा कार्य कंपनी प्रबंधकों द्वारा अक्सर कराया जाता है, जिस कारण कई बार मजदूरों की जान पर बन आने तक की नौबत आ जाती है। ऐसा ही एक मामला बुधवार की सुबह सामने आया है जहां कंपनी द्वारा मजदूर सुरक्षा की लापरवाही के चलते एक मजूदर का हाथ फैक्चर हो गया साथ ही हाथ की उंगली पूरी तरह कट कर अलग हो गई। इस मामले में हद तो तब हो गई जब ठेकेदार द्वारा बिना पुलिस को जानकारी दिए निजी अस्पताल में मजदूर का उपचार कराने पहुंचा। पीड़ित परिवार के परिजनों ने बताया कि बताया जाता है कि मामले को रफा-दफा के फिराक में प्रबंधन द्वारा काफी दबाव बनाया जा रहा है।

मामला बरही थाना अंतर्गत गैरतलाई का है जहां स्थित कुमार कार्गो सुलूसन अभिनव कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्य कर रहे जारारोरा निवासी रमाकांत पिता शोभा यादव का हाथ मशीन की चपेट में आ गया जिससे उसका हाथ फैक्चर हो गया तथा हाथ की उंगली कट कर अलग हो गई। घटना बुधवार कारी 10 बजे की बताई जा रही है।

कंपनी प्रबंधन ने घटना को छिपाने का भरसक प्रयास किया। सोशल मीडिया में खबर वायरल होने के बाद मजदूर को कटनी लाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि मजदूर पर दबाव बनाकर कंपनी प्रबंधन उसे इलाज का आश्वासन देते हुए किसी भी तरह की शिकायत न करने के लिए कह रहा है। सुरक्षा में चूक के कारण हुए साथ में मजदूर को अपनी उंगलियां गवानी पड़ गई अब मजदूर जीवन भर के लिए अपनी उंगलियों खो चुका है।

कंपनियों द्वारा मजदूरों के जीवन के साथ खिलवाड़ किए जाने के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। इस मामले में बताया जा रहा है कि यहां अनेकों अप्रशिक्षित मजदूरों से मशीनों में कार्य कराया जाता है, बिना लायसेंस धारियों से वाहन चलवाए जा रहे हैं। प्रबंधन द्वारा इस मामले में बरती गई लापरवाही छिपाने परिजनों पर दबाव बनाते हुए लीपापोती करने में जुटा हुआ है।

---

## ओव्हर लोड परिवहन पर 57 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु अभियान स्वरूप मे कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में राजस्व विभाग, परिवहन विभाग एवं खनिज एवं पुलिस विभाग की सयुंक्त टीम द्वारा चाका बायपास में अवैध परिवहन के संबंध में 7 वाहनों में कार्रवाई की जाकर तीन वाहनों से 57 हजार रूपये का शमन शुल्क जमा कराया गया तथा दो वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में कुठला पुलिस थाना मे खडा कराया कार्यवाही के दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा की मौजूदगी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने बताया कि संयुक्त कार्यवाही के तहत चाका बाईपास पर वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एन 6399 ओवरलोड पाए जाने पर 21 हजार रुपए शमन शुल्क वाहन क्रमांक सीजी 04 एन डब्लयू 5491 से 17 हजार रुपए शमन शुल्क वाहन क्रमांक एम पी 28 एच 1978 से 19 हजार रुपए शमन शुल्क कुल 3 वाहनों से ओवरलोड पाए जाने पर 57 हजार रुपए शमन शुल्क जांच के दौरान मौके पर जमा कराया गया।

जांच के दौरान वाहन क्रमांक एचआर 46 जी 2379 एवं एमपी 66 जेडसी 2880 पर परिवहन नियम के अंतर्गत कार्यवही की गई तथा माइनिंग नियम के तहत कार्यवाही की गई तथा वाहन क्रमांक एमपी 21 एच 1906 एमपी 04 एचई 4690 एवं एमपी 21 एचएच 3137 को कुठला थाने में खड़ा कराया।

---

## दस लाख की लागत से बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रामकृष्ण परमहंस वार्ड के नागरिकों से किए गए विकास के दावे को पूरा करते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बुधवार को वार्ड में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण का भूमि पूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिक से कराया।

वार्ड वासियों की समस्याओं को देखते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड में विकास कार्य करने को लेकर 10 लाख रुपए के विकास कार्यों की नींव रखी गई। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड वासियों से कहा कि नगर निगम के द्वारा वार्ड वासियों की समस्या को देखते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं अभी तो यह एक शुरुआत है। आगे भी वार्ड को कई और विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों का चयन करके कार्य कराया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, लोकनिर्माण विभाग डॉ रमेश सोनी एवं स्थानीय पार्षद शकुंतला सोनी के अलावा वार्ड की वरिष्ठ महिला द्रौपदी साहू मौजूद रही। द्रौपदी साहू के हाथों ही महापौर ने भूमि पूजन कराया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, पार्षद लव साहू, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश सोनी, महेश शुक्ला, राजू गुप्ता, धीरेंद्र प्रसाद दिवेदी, शोभा शर्मा, राजकुमारी, गगन साहू, नीलम मौर्य आदि मौजूद रहे।

---

## पारधी बाहुल्य हरदुआ में आयोजित लोक कल्याण शिविर में 23 आवेदन निराकृत

**शिविर में 75 व्यक्तियो का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर बुधवार को पारधी बाहुल्य ग्राम पंचायत हरदुआ मे आयोजित लोक कल्याण शिविर मे ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार की समस्याओं से संबंधित 78 आवेदन पत्र प्राप्त हुएए जिसमे से 23 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों पर कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों को प्रेषित किया गया है। जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि लोक कल्याण शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 75 ग्रामीणों की निःशुल्क जांच कर उपचार व दवाईयां दी गई। इसी प्रकार पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 155 मवेशियों के लिए वर्षाजनित रोगों से बचाव एवं उपचार की दवाईयां प्रदान की गई। शिविर मे राजस्व विभाग से संबंधित 8 आवेदन प्राप्त हुए जबकि कृषि विभाग द्वारा 22 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी शिविर मे किया गया।

लोक कल्याण शिविर मे जिला मेडिकल बोर्ड को मिले पांच आवेदन पत्रों मे से दो के प्रमाण पत्र शिविर स्थल पर ही बनाकर प्रदान किये गए। इसी प्रकार खाद्य विभाग में राशन प्राप्त करने हेतु प्राप्त 6 आवेदनों को पोर्टल में दर्ज किया गया।

पारधी समाज के बच्चों को शिक्षा और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद ने बीते 25 जून को ग्राम हरदुआ पहुंच कर पारधी समाज के प्रमुख लोगों से जन संवाद किया था। उन्होने पारधियो को समझाइश दी कि बदले जमाने के मौजूदा दौर में शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है। इसलिए अपने बच्चों को हर दिन स्कूल जरूर भेजें। कलेक्टर ने यहां 17 छात्र छात्राओं का स्कूल मे दाखिला कराया था और पुस्तकें भेंट की थी।

---

**अपना प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पोस्टर का हुआ विमोचन**

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का 27 जुलाई को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मध्यप्रदेश टूरिजम बोर्ड द्वारा शनिवार 27 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर मे पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के आयोजन किया जाना है इससे संबंधित बूझो जानों फिर देखो अपना प्रदेश पोस्टर का विमोचन बुधवकार को किया गया। पोस्टर विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर अवि प्रसाद, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सीईओ शिशिर गेमावत एसडीओ वन सुरेश बडोले और पर्यटन प्रभारी अधिकारी कमलेश सैनी मौजूद रहे।

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर सांस्कृतिक विविधताओं कला, प्राकृति समृद्धि महापुरुषों पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 को किया जाएगा।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के छात्रों से इस क्विज प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भागीदारी करने अधिकाधिक पंजीयन करने की अपील की है। कलेक्टर ने इस पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु शिशिर गेमावत को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का प्रभारी अधिकारी एवं डॉ सचिन श्रीवास्तव माध्यमिक शिक्षक को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का क्विज मास्टर नियुक्त किया । इन सभी अधिकारियों को मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदाय निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही सुनिश्चित करने कलेक्टर ने निर्देशित किया है। पर्यटन क्विज प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी।

इस क्विज प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्र.छात्राएं भाग से सकेंगे। इसमे लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों की टीम का चयन किया जाएगा। टीम का पंजीयन 8 जुलाई को शाम 05:30 तक बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जा सकेगा। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के लिए प्रातः 9 से 10 बजे तक पंजीयन 10 बजे से 12 बजे तक लिखित प्रतियोगिता होगी। इसमें 06 सर्व श्रेष्ठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए होगा। द्वितीय चरण में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगिता मल्टी मीडिया में शामिल 6 टीमों ;18 विद्यार्थियो में से 3 टीमों का चयन होगा जो जिले कि टाप 3 विजेता टीम कहलाएगी। प्रथम तीन विजेता टीमों को राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 2 रात्रि 3 दिन तथा शेष 3 उपविजेता टीमों को 1 रात्रि 2 दिन ठहरने के लिए कूपन व शेष को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

---

## राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लायें - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की तर्ज पर नामांतरण मामलों के निपटारे के लिए भी विशेष अभियान चलाया जायेंगे। नामांतरण प्रकरणों का यह अभियान सोमवार 8 जुलाई से चलाया जायेगा। यह निर्देश बुधवार को कलेक्टर अवि प्रसाद ने यहां कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक मे दिए। बैठक मे कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में और अधिक तेजी लानें के भी निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति एम लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रमोद चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता, सभी एस.डी.एम , तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधीक्षक भू- अभिलेख डॉ राकेश कुमार मौजूद रहे।

कलेक्टर प्रसाद ने बैठक मे नामांतरण प्रकरणों के निपटारे हेतु सोमवार 8 जुलाई से शुरू होने वाले विशेष अभियान के दौरान नायब तहसीलदारों को प्रतिदिन नामांतरण के कम से कम पांच और तहसीलदार को 10 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया है।

राजस्व प्राप्तियों की वसूली के मामले मे प्रथम त्रैमास मे कटनी जिला प्रदेश के सभी जिलों मे द्वितीय स्थान पर है। यहां जिले के राजस्व अधिकारियों ने त्रैमास मे रिकॉर्ड वसूली की है। इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को शाबाशी भी दी। कलेक्टर द्वारा राजस्व वसूली मे उत्कृष्ट कार्य के लिए एसडीएम विगढ़ महेश मंडलोई और तहसीलदार विगढ़ मनीष शुक्ला एवं तहसीलदार बरही नितिन पटैल को वसूली मे बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया है।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों का पालन करनें किया जागरूक



**बरही।** खितौली पुलिस चौकी प्रभारी केके पटेल ने अपने स्टाफ के साथ खितौली में नए कानून को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। टूव्हीलर फोर व्हीलर थ्री व्हीलर गाड़ियों के चालकों को यातायात नियमों के पालन करने सीट बेल्ट हेलमेट गाड़ियों के बीमा सभी कागज जात रखें समझाइश दी गई। शासन के ने नियामों का पालन करें कुछ लोगों के चालान भी काटे गए इनकी रही मौजूदगी आरक्षक अंकित बड़गैया आरक्षक दिलीप कोल सैनिक चौबे आदि मौजूद रहे।

### अब तक कुल 86.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से बुधवार 3 जुलाई तक कुल 86.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 228.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 142.5 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 3 जुलाई तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 78.4 मिलीमीटर, रीठी में 83.6, बड़वारा में 25.0 मिलीमीटरए बरही में 85.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 79.5 मिमी, बहोरीबंद मे 88.4 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 123.0 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 123.9 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

### एबीपी फैलो की नियुक्ति हेतु समिति गठित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने नीति आयोग भारत सरकार एवं राज्य नीति आयोग एवं राज्य शासन तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निर्देशों के परिपालन मे आंकाक्षी विकासखंड कार्यक्रम के लिए एबीपी फैलो की नियुक्ति हेतु संशोधित आदेश जारी कर चयन समिति का पुर्नगठन एवं साक्षात्कार समिति का गठन अपर कलेक्टर की अध्यक्षता मे करते हुए तीन सदस्यों को शामिल किया है। कलेक्टर द्वारा जारी संशोधित आदेश में चयन समिति में सदस्य पद पर पवन कुमार अहिरवार जिला योजना अधिकारी, श्रीमती पूजा द्विवेदी जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग एवं नयन सिंह जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सदस्य नियुक्त किया गया है। जबकि कलेक्टर द्वारा जारी संशोधित आदेश में साक्षात्कार समिति में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता मे प्रफुल्ल श्रीवास्तव जिला सूचना अधिकारी, एमएल पनिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी एवं सुश्री वन श्री कुर्वेती महिला सशक्तिकरण अधिकारी, महिला एवं बाल बिकास विभाग को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### दीक्षारंभ का तीसरे दिवस भी आयोजित हुए कार्यक्रम

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रुप में घोषित शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीसरा दिन प्रातः 10 बजे से दीक्षारंभ समारोह प्रारंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉक्टर एम पी यादव विभाग अध्यक्ष भौतिक शास्त्र के द्वारा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम से विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बुधवार का कार्यक्रम विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित रहा। डॉ हेमलता गर्ग प्राध्यापक विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न और उससे संबंधित विभिन्न कानून के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। भौतिक शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आर पी सिंह ने सूचना के अधिकार अधिनियम के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से अवगत कराया तथा उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी शासकीय संस्थान से सूचनाओं कैसे प्राप्त की जा सकती हैए मध्य प्रदेश में लागू लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के विभिन्न पहलुओं का वर्णन अजय कुमार कुररिया सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र के द्वारा किया गया।

---

खाद्य विभाग द्वारा नियमों की खुलेआम अनदेखी का फायदा उठा रहे दुकानदार

# बाजारों में किया जा रहा घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपनगरीय माधवनगर, एनकेजे, कुठला सहित शहर भर के अधिकांश खाद्य सामग्री दुकानदारों द्वारा घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते दुकानदारों द्वारा तमाम नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जो कि कभी भी बहुत खतरनाक हादसे का कारण भी बन सकता है। बताया जा रहा है कि नियमानुसार कॉमर्शियल गतिविधियों में खासकर होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य विक्रेताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करना चाहिए। लेकिन अधिकांश दुकानदार पैसे बचाने के चक्कर में नियमों का उल्लंघन कर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। इससे एक दिन में यदि एक दुकानदार दो गैस सिलेंडर उपयोग करता है, तो उसे 800 से 1000 रुपए की बचत हो जाती है। ऐसे में वह नियम को दरकिनार करके घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करता है और अफसर उन पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। कालाबाजारी के माध्यम से रोजाना चाय-नाश्ता, होटल संचालक सहित कई लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन खाद्य विभाग इन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। जबकि, बार-बार सिलेंडर को खोलने बंद करने से दुर्घटना का खतरा ज्यादा होता है। अधिकांश दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग खुलेआम किया जा रहा है। घर की रसोई की सब्सिडी वाली गैस शहर के होटलों, रेस्टोरेंट और नाश्ते के हाथठेलों पर उपयोग की जा रही हैं। खाद्य विभाग की अनदेखी के चलते दुकानदारों व होटल संचालकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधान का जरा भी खौफ नहीं है। खाद्य विभाग की कार्रवाई सुस्त होने से घरेलू सिलेंडर का खूब उपयोग हो रहा है।



जुलाई माह में वैवाहिक मुहूर्त होने से मैरिज गार्डनों से लेकर धर्मशालाएं तक बुक की जा चुकी हैं। इन शादियों में भी नियम कायदों को ताक पर रखकर घरेलू गैस सिलेंडरों का धड़ल्ले से उपयोग किया जावेगा, शादी समारोह के अलावा शहर में ठेलों से लेकर चाय, नाश्ते की दुकानों और बड़े-बड़े होटलों में भी इन एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग धड़ल्ले से हा रहा है। इन दिनों शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। शादी वाले घरों में लगन-टीका, मंडप से लेकर शादी की दावत के लिए खाना बनाया जाता है, बड़े बड़े पंडालों में खाना बनाने के लिए लोग नियमानुसार व्यवसायिक गैस सिलेंडरों का उपयोग नहीं करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके बावजूद रसद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। व्यवसायिक सिलेंडर की कीमत अधिक है। जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर सस्ता पड़ता है जिसके कारण बाजारों में इसका उपयोग हो रहा है।

---

# गड्ढे भरे राजमार्ग 43 में चलना हो रहा जानलेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

विलायत कला से लेकर चंदिया तक का राजमार्ग विभागीय उदासीनता और अनदेखी का शिकार हो रहा है। रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जो वाहन चालकों सहित राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। बताया जाता है कि इस बीच करीब 6 स्थानों पर जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं।

राजमार्ग पर बने छोटे-बड़े गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। गड्ढों के कारण सड़क हादसों में लोग अपनी जान गवाने के साथ ही गिर कर घायल भी हो रहे हैं राजमार्ग पर गहरे गड्ढे हैं, जिसकी वजह से अक्सर दुपहिया वाहन हादसों का शिकार हो रहे है। लेकिन इस समस्या को अनदेखा कर जिम्मेदार मौन है।

ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर का रोड निर्माण कराया गया जिस वजह से यह राजमार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। ठेकेदार की लापरवाही की वजह से लोगों की जान पर संकट गहरा रहा है। यहां से गुजरने वाले आला अधिकारी, प्रतिनिधि भी इन टूटी हुई सड़कों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री सोमनाथ गुप्ता की अगुवाई में 1033 में शिकायत की गई है बावजूद इसके समाधान नहीं निकल पा रहा।

बताया जाता है कि दो गड्ढे महानदी ब्रिज के ऊपर ही हैं जो किसी भी दिन किसी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं विलायत कला क्षेत्र के अधिकतम स्कूली बच्चे इसी सड़क से होते हुए चंदिया पढ़ने जाते हैं एवं विलायत कला पेट्रोल पंप का आना-जाना ग्रामीणों का 24 घंटे बना ही रहता है।

---

कलेक्टर के निर्देश के बाद जागे आरटीओ अधिकारी

# स्कूल बसों में नियमों की अवहेलना नहीं की जावेगी बर्दाश्त : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बसों से स्कूल आने जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर आरटीओ विभाग द्वारा बुधवार से स्कूल बसों की जांच करने की कार्यवाही प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता अपनी टीम के साथ बसों की जांच करने दिल्ली पब्लिक स्कूल पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्कूल में मौजूद 21 बसों की जांच की। जांच करते हुए चार बसों में खामियां पाए जाने पर आरटीओ अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन को बसों को दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ न करने की हिदायत दी। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही कलेक्टर अवि प्रसाद के द्वारा स्कूल बसों की जांच करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ विभाग द्वारा बुधवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल जाकर वहां मौजूद बसों की जांच की गई। 21 बसों की जांच के दौरान तीन बसों में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं पाई गई एवं एक बस में वाइपर नहीं लगा मिला। जिसके कारण बसों का जुर्माना वसूलते हुए स्कूल प्रबंधन को बसों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। आरटीओ अधिकारी गुप्ता ने कहा कि स्कूल बसों की जांच की कार्यवाही आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। बताया जाता है कि शहर के अन्य कुछ स्कूल बसों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। स्कूली बसों के साथ साथ स्कूलों में छात्रों को पहुंचाने वाले ऑटो तथा मैजिक वाहन चालकों द्वारा काफी लापरवाही बरती जा रही है। नन्हे मुन्हे नौनिहालों को स्कूल पहुंचाने वाले ऑटो व मैजिक चालक संख्या से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है, चालकों द्वारा काफी तेज रफ्तार के साथ वाहन चलाते हुए देखा जा सकता है ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।



---

## जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान




मध्य प्रदेश पूर्व विद्युत वितरण केंद्र बड़वारा में मंगलवार को विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण किया गया। विद्युत वितरण केंद्र में कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में दिनांक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव के द्वारा विद्युत वितरण केंद्र बड़वारा में आवेदन लेकर आने वाले सभी उपभोक्ताओं से समस्याओं को सुना गया व मौके पर ही 11 आवेदनों का त्वरित रूप से निराकरण किया गया। इस दौरान हेमराज सिंह परमार मीटर रीडर तथा मनीष द्विवेदी एवम जन सामान्य की उपस्थिति रही।

---

# गांव में अवैध शराब बंद कराने ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के पटवारा और मदनपुरा गांव के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शराब के विक्रय को बंद कराने की मांग की है। शराब विक्रय का विरोध करने वालों में गांव कि महिलाएं और पुरुष शामिल रहे।

ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई शिकायत में बताया कि गांव में अवैध रुप से शराब बेची जा रही है, जिसकी शिकायत कुठला थाने में कई बार की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। शराब बिकने के कारण पूरे गांव का माहौल खराब हो रहा हैं। युवा पीढ़ी शराब का नशा कर रही है और शराब के नशे कि लत का शिकार हो रही हैं। रात भर शराब पीकर लोग शोर मचाते हैं और एक-दूसरे से गाली-गलौज करते हैं। जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। शिकायत में कहा गया है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और गांव के युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए शराब के अवैध विक्रय पर रोक लगाई जाए।



इस दौरान आदित्य पटेल, जय प्रकाश, दादूसेन, शिवकुमार, रामजी सहित गांव के अन्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के कुछ शराब माफियाओं द्वारा शराब का अवैध करोबार लंबे समय से करते आ रहे हैं, शिकायत के बाद भी इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

---

आवारागर्दी करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# गर्ल्स कॉलेज के आसपास मंडराते मजनुओं के इश्क का भूत उतारेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

गर्ल्स कॉलेज के आसपास आवारागर्दी करने वालों पर अब पुलिस ने अपना शिकंजा कस लिया है। यहां बेवजह मंडराने वाले मनचलों पर पुलिस ने इश्क का भूत उतारने कमर कस ली है। मंगलवार को पुलिस ने अचानक गर्ल्स कॉलेज के पास चैकिंग करने पहुंच गई पुलिस को देखकर कई मजनुओं के इश्क का भूत उतारा गया वहा बेवजह घूम रहे लोगों को मौके पर रोक कर पूछताछ की गई।

झिंझरी पुलिस की अचानक कार्यवाही को लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। बताया जाता है कि पुलिस टीम अचानक गर्ल्स कॉलेज के पास पहुंची और मनचलों की धरपकड़ शुरू की। पुलिस को इस तरह कार्रवाई करता देख वहां मौजूद कई मजनू उड़न छू हो गए। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए झिंझरी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि सुनसान क्षेत्र में गर्ल्स कॉलेज होने के कारण छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा वहां पर विशेष निगाह रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में झिंझरी पुलिस के द्वारा जांच कार्यवाही की गई। इस दौरान एक दर्जन से भी अधिक आवारा तत्वों को पकड़कर उन्हें फटकार लगाते हुए कार्यवाही की गई। झिंझरी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने कहा की जिस समय कार्यवाही की गई उस समय कई आवारा तत्व गर्ल्स कॉलेज के आसपास घूमते हुए पाए गए। जिन्हें पकड़कर सबक सिखाया गया। गत दिवस की गई कार्यवाही की तरह भविष्य में आगे भी इसी तरह कार्यवाही की जाएगी जिससे बच्चियों को एक सुरक्षित माहौल में पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा फेसबुक और वाट्सऐप के माध्यम से युवतियों और छात्राओं को परेशान करने वालों से भी निपटने के लिए पुलिस अपनी ओर से तैयारी कर ली है। शिकायत मिलने पर इन पर सख्त कार्रवाई की जावेगी।



---

उदय हो गए शुक्र, 9 से 15 जुलाई तक लगातार है वैवाहिक मुहूर्त

# वैवाहिक मुहूर्त से लौटी बाजारों में रौनक, मांगलिक कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विवाह के मुहूर्त न होने से बाजार में सामान्य रहा, चुनावी शोर गुल के बाद अब जुलाई में 15 तक शादि के मुर्हुत भी है। इसके साथ ही रक्षा बंधन का त्यौहार भी अगस्त में आने वाला है, ऐसे में एक बार फिर से बाजारों में रौनक धीरे-धीरे लौट रही है। दुकानों पर खरीदी करने वालों की ग्राहाकी देखी जाने लगी है। वैसे तो शादी के दिन न होने से मई-जून बाजार में कारोबारी ठंडक वाले रहे। अगस्त तक सामान्य ग्राहकी का दौर रहेगा। हर साल बारिश के दिन व्यापारी के लिए स्टॉक अपडेट करने और डिफेक्टेड माल वापस करने के रहते हैं। बीते साल मई-जून में शादी ब्याह की उत्साह भरी ग्राहकी रही थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं रहा। कपड़ा हो, बर्तन हो या दीगर बाजार ग्राहकी कम रही। व्यापारियों का कहना है बारिश के सीजन में तो ग्राहकी इतनी कम हो जाती है कि छोटे कारोबारियों के लिए दुकान का खर्च, किराया, कर्मचारियों की पगार भी निकलना मुश्किल भरा हो जाता है। हालांकि जुलाई माह शुरू हो गया है, 3 से लेकर 15 जुलाई तक शादी के मुर्हुत भी है, जिसके चलते बाजारों में एक बार फिर से रौनक लौटती दिखने लगी है। मंगलवार के दिन बाजारों में लोगों ने कपड़ा, बर्तन, जूते, चप्पल की दुकानों पर भीड़ रही। व्यापारियों का कहना है कि क्योंकि 15 दिन की ग्राहाकी शेष है इसके बाद रक्षा बंधन का त्यौहार आ जाएगा, कुछ दिन हो सकता है माहौल ठंडा रहे, इसके बाद एक फिर से बाजारों में तेजी आएगी।



जुलाई में शादियों का सीजन शुरू होते ही दो माह से ठंडे पड़े बाजार में एक बार फिर रौनक बढ़ने लगी है। बारिश के मौसम में खरीदार बाजार में नजर आ रहे हैं। रक्षा बंधन आने से पहले बाजार में बढ़ रही भीड़ से व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। वैसे तो हर साल बारिश में बाजार में मंदी आ जाती है लेकिन, इस बार मई-जून में शादी मुहूर्त नहीं होने से बारिश से पहले सुस्ती आ गई थी। इस बार रक्षा बंधन 19 अगस्त को है, इसलिए एक सप्ताह पहले से बाजार में उड़ाव आएगी।

विवाह आयोजनों में टेंट, केटरिंग, बर्तन, कपड़े, सहित दूल्हा-दुल्हन के साज-सजावट से जुड़ी सामग्रियों की खूब बिक्री होना शुरू हो गई है। कपड़ा व्यवसायियों ने बताया कि विवाह आयोजनों के लिए कपड़ों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है जिससे एक बार फिर नया स्टॉक बुलाया गया है। इसी तरह आभूषण ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि विवाह आयोजन के लिए लोग ज्वेलरी की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। करीब दो माह तक मैरिज गार्डन में कोई बुकिंग नहीं है। जुलाई में शादियों की शुरुआत के साथ ही अधिकांश मैरिज गार्डनों की बुकिंग की जा चुकी है। विवाह में अन्य जरूरी खरीददारी के साथ साथ इलेक्ट्रानिक दुकानों पर भी जमकर खरीदी की जा रही है, जहां लोग टीवी, फ्रिज, कुलर, वाशिंग मशीन, एलईडी, की खरीददारी करने शहर भर के विभिन्न शो रूम में लोगों द्वारा खरीददारी की जा रही है।

---

# शराब पीकर वाहन चलाने पर लगाया 20 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सड़क में नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जुहला बाईपास में यातायात चौकी पुलिस ने एक ट्रक चालक को नशे में बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हुए पकड़ा। जिसे पड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां पर न्यायालय ने उसके खिलाफ भारी भरकम जुर्माना लगाया है।

चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से एवं चौकी स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक CG10BN9939 को रोककर चेक किया गया। जिसमे वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाता प्रतीत हुआ। जिसका मुलाहिजा कराने पर चिकित्सक द्वारा चालक के नशे में होने की पुष्टि की गयी। उक्त वाहन के वाहन चालक रवि पिता अमन नाथ व वाहन मालिक विजयकांत गुप्ता पिता ब्रज किशोर गुप्ता के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 3/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्त के अन्तर्गत माननीय न्यायालय हेतु प्रकरण तैयार किया गया। माननीय जिला न्यायालय द्वारा वाहन चालक व वाहन मालिक पर कुल 20 हजार रु का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

कार्रवाई में सूबेदार मोनिका खड़से, राजेश कोरी, घनश्याम निषाद, अंकित आर्मो, दीपक चक्रवर्ती सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## संपूर्णता अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम 6 जुलाई को मानस भवन में

**दमोह।** भारत सरकार के नीति आयोग और आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक जिले में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से 6 जुलाई को मानस भवन में होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग , महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा चिन्हित 6 इंडिकेटर से संबंधित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जावेगा। संपूर्ण अभियान के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित वर्मा होंगे, उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया है। संपूर्णता अभियान का उद्देश्य आकांक्षी जिला दमोह एवं आकांक्षी ब्लॉक तेंदूखेड़ा में चिन्हित 6 इंडिकेटर को पूर्णतः प्राप्त करना है यह इंडिकेटर स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों से संबंधित है।

## खाद्य प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** भारत सरकार एवं म.प्र. शासन की अतिमहत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 18 वर्ष एवं अधिक आयु के कोई भी शिक्षित बेरोजगार युवा योजना का लाभ लेकर स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। इस योजना में बैंक से प्रदान ऋण में उद्यानिकी विभाग द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत राशि का 35 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 10 लाख रूपए जो भी कम हो स्वीकृत किया जाता है।

### गांव के बीच से निकली नहर की पुलिया टूटी, पानी निकासी बंद, गंदगी से अटी पड़ी नालियां जाम

# सिंचाई विभाग की नहरों पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





जबेरा जंप की ग्राम पंचायत भाट खमरिया ग्राम के बीचों बीच से सिंचाई विभाग की नहरे निकली है उन्ही नहरों से ग्राम में वारिश के पानी की निकासी होती थी लेकिन नहरों पर अवैध कब्जा और पक्के निर्माण के चलते जहां नहरों का अस्तित्व खत्म हो गया। वही पूरे ग्राम में वारिश के पानी की निकासी जिस सिंचाई विभाग की पुलिया से होती वह क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है जिससे बारिश शुरू होने से पहले हल्की बूंदा बांदी नहरों से जुड़ी नालियों से वारिश के पानी निकासी नहीं होने की स्थिति में जमा कचड़ा कीचड़ से लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। भाट खमरिया के जैन मुहल्ला में यह स्तिथि बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है गांव की नालियां नहरों से जुड़ी हुई और नहर की पानी निकासी बाली पुलिया क्षतिग्रस्त होने से नालिया का पानी नहीं निकल पा रहा और वारिश होने पर पूरे गांव के पानी की निकासी नहीं होने की स्थिति में गांव में जल भराव की स्थिति निर्मित हो जायेगी। जिसकी चिंता ग्रामीणों को अभी से सता रही है। ग्रामीण ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहर की पुलिया निर्माण के लिए अनेकों बार गुहार लगाई लेकिन कोई सुनाई नही हुई। वही ग्राम पंचायत प्रशासन का कहना है क्षतिग्रस्त पुलिया सिंचाई विभाग की भूमि में आती है जिसकी निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सिंचाई विभाग से एनओसी की मांग के लिए पत्र लिखा है। लेकिन अभी तक एनओसी नहीं मिली है जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। सिंचाई विभाग के द्वारा एनओसी मिल जाए तो ग्राम पंचायत के द्वारा पुलिया निर्माण कार्य करवा दिया जाएगा और ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हो जाएगा। उपयंत्री आर के बर्मा का कहना है क्योंकि क्षतिग्रस्त पुलिया सिंचाई विभाग की भूमि में आती है सिंचाई विभाग के द्वारा एनओसी मिलते ही पुलिया निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

## निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभयसागर जी महाराज का ससंघ कुंडलपुर से विहार

**कुंडलपुर दमोह ।** कुंडलपुर से चातुर्मास हेतु साधु संघों के मंगल विहार होने का क्रम निरंतर जारी है। 3 जुलाई को युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य एवं पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभयसागर जी महाराज, मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज, मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज, मुनि श्री निरीह सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री उद्यम सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री गरिष्ठ सागर जी महाराज का मंगल विहार सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से संभावित शाहपुर भिटोनी जबलपुर की ओर हुआ ।रात्रि विश्राम देवडोंगरा ग्राम, आहार चर्या हिंडोरिया में संभावित।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**बनवार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत दमोह वनमण्डल अंतर्गत परिक्षेत्र सगोनी की बीट बनवार में वनमंडलाधिकार दमोह महेंद्र सिंह उइके के निर्देशन में एक पेड़ मां के साथ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। इस दौरान बीट प्रभारी बनवार भारत सिंह ठाकुर अपने परिवार के साथ एवम सुरक्षा श्रमिक ने पौधारोपण किया गया और लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

## प्रभारी प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा



शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने वाले प्रभारी प्राचार्य की सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में पर उस समय गमगीन माहौल हो गया। जब कार्यक्रम के अँत मै प्रभारी प्राचार्य छात्र-छात्राओं के बीच मिलने पहुंचे तो उस विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ो छात्र -छात्राओं के आंसू धमने का नाम नहीं ले रहे थे। छात्र छात्राऔ का रो-रो कर बुरा हाल था 01जुलाई 2024 को शासकीय हाई स्कूल ससनाकँला के प्रभारी प्राचार्य रुद्रप्रकाश अवस्थी को भारी संख्या में उपस्थित नागरिकों, शिक्षकों,छात्रों द्वारा नम आंखों से विदाई दी गई। इस अवसर पर गायक राजेश सिंह लोधी पतलौनी निवासी ने गीत के माध्यम से विदाई दी 01 जुलाई 1962 को भुंवारा जिला जबलपुर में जन्मे श्री अवस्थी 1981 में धनगोर तेंदूखेड़ा आकर रहने लगे जहां वह निजी चिकित्सालय खोलकर लोगों की सेवा करने लगे। सन 2001 में शासकीय माध्यमिक शाला में संविदा शाला शिक्षक वर्ग 02 के रूप में चयनित होकर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ गए ।सन 2014 में पदोन्नत होकर वरिष्ठ अध्यापक के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा में कार्यरत हो गए । पुनः 2019 में शासकीय हाई स्कूल ससनाकँला में प्राचार्य के रूप में कार्य करने लगे । 62 वर्ष की उम्र पूर्ण करने के उपकरण 01 जुलाई 2024 को सेवा निवृत हुए । अवस्थी के दो पुत्र है दोनो ही पटवारी है । नोकरी से पहले वे राजनीति से भी जुड़े रहे उन्होंने सारे जीवन निष्ठा पूर्वक शासन की सेवा की। सेवा निवृत्ति विदाई समारोह के अवसर पर पूर्व ऊर्जा मंत्री ठाकुर दशरथ सिंह,अध्यापक संघ के अध्यक्ष गुड्डा सिंह ठाकुर,अध्यापक सह संविदा शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष के एल चौकसे,संस्था के वरिष्ठ शिक्षक रूप सिंह ठाकुर, झलौन प्राचार्य अशोक साहू, पुरा संकुल प्राचार्य अनरथ सिंह ठाकुर, समाज सेवी एवं शिक्षक महेंद्र दीक्षित, शिक्षक मनोहर सिंह ठाकुर,बृजराज परिहार,चंद्रशेखर हजारी, जनशिक्षक धर्मेंद्र सिंह, सर्रा के प्रभारी प्राचार्य बलवीर राय,पूर्व प्राचार्य एफ एल पटेल,शिक्षक संतोष यादव, शिक्षक नीलम कछोरिया, भारी संख्या में ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे । अंत में छात्रों ने अपने प्रिय प्राचार्य को बिलख बिलख का रो रो कर विदाई दी जिसके उपस्थित लोगों की आंखे नम हो गई ।सभी ने नए पारिवारिक दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

## दो प्राचार्यों का विदाई समारोह आयोजित




**दमोह।** स्थानीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य डॉ. के .पी. अहिरवार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. के.बिदोलया का सयुक्त सेवानिवृत्ति कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. के .पी. अहिरवार एवं डॉ. पी. के. बिदोलिया का सम्मान पुष्पगुच्छ एवं साल के माध्यम से किया गया। विदाई स्वरूप उन्हें स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य डॉ. के. पी. अहिरवार के मार्गदर्शन एवं शासनकाल में बिताए गए पलो के अनुभवों को सांझा किया गया। सेवानिवृत्ति के इस कार्यक्रम में उपस्थित उनके परिजनों द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अशोक कुमार सहायक प्राध्यापक केमिस्ट्री महाविद्यालय गुना द्वारा उनके विषय पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए उनके संस्था के प्रति समर्पण को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता निभाई और गीतों, डांस एवं एकल नृत्य की प्रस्तुतियां देकर इस कार्यक्रम को खास बनाया। संजीव अहिरवार द्वारा शानदार गीतों की प्रस्तुति दी गई एवं विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. हरिओम दुबे एवं जितेन्द्र धाकड़ द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के संपूर्ण स्टाफ सहित महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ के. के. कोरी ,जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. विक्रांत सिंह चौहान ,डॉ नवीन दुबे एवम तथा दोनों अधिकारियों के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर शालेय परिवार ने दी विदाई



**हिण्डोरिया।** स्थानीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में भृत्य के पद पर पदस्थ रहे बांदकपुर निवासी देवी शरण तिवारी को अपने यादगार सेवा काल के 31 बरस पूरे करने के पश्चात सेवा निवृत्त होने पर शालेय परिवार एवं उनके ईष्ठ मित्रों द्वारा शानदार भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर शाला के प्राचार्य रमेश कुमार अहिरवार , शिक्षक रामकुमार चौरसिया, प्रधानाध्यापक मदन लाल विश्वकर्मा, आनंद चौरसिया, सीताराम कोरी , शैलेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय के बच्चे, ईष्ठ मित्र एवं परिजन मौजूद रहे।

## सम्मान समारोह का आयोजन



**दमोह।** मध्यप्रदेश, स्थाई कर्मी कल्याण संघ दमोह जिला अध्यक्ष संतोष सिह (बबलू ठाकुर) के मार्गदर्शन में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उप संभाग दमोह के अंतर्गत मुख्यालय सेक्शन में कार्यरत स्थाई कर्मचारी माधव सिंह गौड एवं कोदू लाल पटेल का सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान समारोह का आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित कार्यपालन यंत्री महोदय श्री अनिल कुमार आठिया जी, श्री जेपी तिवारी जी उपयंत्री एवं श्री रितेश पांडे मुख्य लिपिक गिरधारी लाल विश्वकर्मा स्थल सहायक जिला उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सुरेश चौवे, प्रमोद रावत, रामस्वरूप राकेश नामदेव बाबूलाल एवं समस्त स्थाई कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अग्रसेन समाज ने किया मोटो राइडर का सम्मान



**दमोह।** महाराजा अग्रसेन की महा आरती का आयोजन प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में फुटेरा वार्ड दो स्थित श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है जिस क्रम में 36 भी महा आरती का आयोजन किया गया आरती करने का सौभाग्य महिला मिलन समिति को प्राप्त हुआ। सर्वप्रथम पंडित बृजेश पाठक के द्वारा भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी मां महाराजा अग्रसेन का पूजन किया गया जिसके बाद महा आरती का आयोजन हुआ प्रसाद वितरण किया गया । वहीं अग्रवाल समाज दमोह के गौरव विप्लव अग्रवाल जिन्होंने जम्मू कश्मीर लद्दाख जीरो पॉइंट की यात्रा मोटर बाइक से पूर्ण की उनका सम्मान किया गया। आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल महिला मिलन समिति अध्यक्ष संगीता अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल रामगोपाल अग्रवाल द्वारका प्रसाद अग्रवाल नंदकिशोर दीपक मनीष संकेत स्वप्नेश रवि तूफान डॉक्टर अशोक दीप्ति निशा आरती रेखा राधा रश्मि अर्चना ज्योति नीतू आभा रोशनी अंजलि सीमा सारिका बबीता उर्वशी कुसुम कांति पूजा रचना सुष्मिता उषा कंचान निलमू मणि शायद बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## नेत्र परीक्षण शिविर पतलोनी में संपन्न



**झलौन/पतलौनी।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड सतना चित्रकूट संस्थान के माध्यम से जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के ग्राम पंचायत पतलोनी विशाल नेत्र शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। भाजपा मंडल उपाध्य बेड़ी सिंह ने बताया हमारे ग्राम में हर माह की 3 तारीख को विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पतलोनी सुनवाई उमरिया माडनखेडा करौंदी पड़रिया तेजगढ़ जेसे अनेकों ग्रामों को प्रचार के माध्यम से अवगत कराते हैं। जिससे आंखों के मरीजों को लाभ मिल सके आज दिनांक 3 जुलाई 2024 दिन बुधवार को 86 मरीजों की आंखों की जांच कर इलाज कराया गया। 14 मरीजों को आंखों के ऑपरेशन के लिए चित्रकूट के रवाना किया गया जिसमें डॉक्टर टीम पंकज विश्वकर्मा, शुभम मिश्रा, कुलदीप यादव, कमल परिहार एवं पूर्व सरपंच पहाड़ी सिंह दादा एवं सरपंच प्रतिनिधि बेड़ी सिंह सदर का विशेष सहयोग रहता है।

## वरिष्ठ कर्मचारी धरमदास रोहित का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** वरिष्ठ कर्मचारी साथी धरमदास रोहित का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम में वतोर अतिथि संयुक्त मोर्चा के संयोजक राकेश हजारी एंव जिलाअध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी अपाक्स जिला अध्यक्ष महमूद सिद्दीकी अजाक्स संयोजक प्रताप रोहित अजाक्स जिला अध्यक्ष आर्दश जिलाअध्यक्ष गणेश दुबे अजाक्स तहसील अध्यक्ष हरीश अहिरवार एंव लघुवेतन कर्म संघ के जिलाअध्यक्ष प्रमोद अहिरवार सचिव अभिषेक राजपूत सदन कटारे संस्था प्रमुख प्रभारी प्राचार्य श्रीमति मनीषा चौबे प्रदीप अग्रवाल श्रीमति मेनका सोनी श्रीमति निशा मिश्रा श्रीमति मानु गुप्ता श्रीमति सुष्मा साहू श्रीमति रितु दुबे श्रीमति किरण सेन श्रीमति उशा पाराशर श्रीमति अनामिका पटैल श्रीमति सुष्मा जैन श्रीमति संतोषी श्रीवास्तव श्रीमति कविता प्यासी तुलाराम अहिरवाल माधव सिंह ठाकुर विनोद जैन रमन तिवारी संतोष तिवारी मुकेश कुर्मी रमेश पटेल वलदेव रैकवार शैलेन्द्र अहिरवाल श्रीमति चंन्दा अहिरवाल श्रीमति भवानी विश्वकर्मा सभी ने धरमदास रोहित का फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके परिवार के साथ अब बाकी का सुखमय व्यतीत जीवन स्वास्थ्य रहे की मंगल कामनाओ के साथ उनके व्यक्तित्व पर रोशनी डालते हुये हर्षमय भावभीनी बिदाई दी शुभकामनाऐ दी।

## राष्ट्रीय जन परिषद के 35 वा वार्षिक समारोह संपन्न

### प्रगति स्मारिका विमोचन के साथ दमोह चैप्टर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जन परिषद ने गत 35 वर्षों में रचनात्मक रचनात्मक उपलब्धियों की जो पूंजी अर्जित की है,इसी तारतम्य में भोपाल राज्य संग्रहालय में आयोजित भव्य समारोह में दमोह जन परिषद चैप्टर प्रकाशित प्रगति स्माारिका का विमोचन सी.बी.आई पूर्व डॉयरेक्टर ऋषि शुक्ला (आई.पी.एस.)जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन.के.त्रिपाठी,पूर्व डी.जी.पी. डी.पी.खन्ना (पूर्वडी.जी.पी.),फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा,के करकमलों से संपन्न हुआ इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दमोह जन परिषद चैप्टर अध्यक्ष सुधीर विद्यार्थी,को सम्मानित करते हुये सभी सदस्यों के द्वारा किये गये सामाजिक,रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यो कि सराहना की।जन परिषद एक तरफ सदस्यों की लगनशीलता और जुनून है तो दूसरी तरफ लोगों का जन परिषद के प्रति भरोसा है और मुझे भरोसा है कि जन परिषद के प्रति आनेवाली पीढ़ी का भरोसा और बढ़ेगा स उक्त उदगार सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर एवं वरिष्ठ पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री ऋषि शुक्ला ने जन परिषद के 35 वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए प्रगट किए स उन्होंने जन परिषद के संदर्भ में कहा कि लोगों को जोड़ने और लंबे समय तक जोड़े रखने की जो कला जन परिषद परिवार में है,वह निश्चित रूप से अत्यधिक बिरला गुण है,और शायद यही उनकी सफलता का कारण भी वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा ने जन परिषद के संदर्भ में विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि बैतूल जैसे छोटे से शहर से पल्लवित होकर,राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक का सफर, सक्रियता और संकल्प का परिणाम है,और इसीलिए मैं जन परिषद को एक बिरली सामाजिक संस्था मानता हूं।स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष और पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने,संचालन रामजी श्रीवास्तव ने ,प्रतिवेदन वाचन श्री अजय श्रीवास्तव नीलू ने एवं आभार प्रदर्शन श्री महेंद्र जोशी ने किया। समारोह में पूर्व आईएएस अधिकारी अजात शत्रु श्रीवास्तव,पूर्व आईएएस अधिकारी गण एस के मिश्रा,जी पी श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव,पूर्व एपीसीसीएफ अखिलेश अर्गल, मिसेज वर्ल्ड वाइड भूमिका सिंह, मिसेज यूनिवर्स प्रगति सेठ,मिसेज इंडिया मनीषा आनंद,जन परिषद के देश भर के चैप्टर्स के पदाधिकारी गण और गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। समारोह में दमोह से महामंत्री अभिषेक सिंघई,कार्याध्यक्ष दिनेश प्यासी,कोषाध्यक्ष मनोज जैन,उपाध्यक्ष जय कुमार जैन, सौरभ विद्यार्थी,महिलाध्यक्ष श्रीमति प्रीति गौतम को भी सम्मानित किया गया ।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यार्थी संघ ने ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 उत्तीर्ण अभ्यार्थी संघ म.प्र. द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी देते हुए देवेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि स्थाई शिक्षक भर्ती 2018 पिछले 6 वर्षा से नाम मात्र के पदो पर धीमी गति से चल रही है जिसके कारण मेरिट होल्डर अभ्यार्थी अपनी निर्धारित आयु सीमा को पार कर रहे है। आगे प्रमुख मांगें बताई जिसमें माध्यमिक शिक्षक भर्ती के उपेक्षित विषयों जैसे हिन्दी, उर्दू, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान आदि के रिक्त पदो में वृद्धि करें। माध्यमिक शिक्षक भर्ती कुल शेष रहे 2237 पदो पर चयन सूचियां जारी करें। उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के हिन्दी, उर्दू, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, कृषि, समाजशास्त्र एवं जीव विज्ञान आदि के पदो में सम्मानजनक वृद्धि करें। उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के सभी विषयों के कुल शेष रहे 5935 पदो पर चयन सूचीयां जारी करें। नामों की पुनरावृत्ति पर पूर्णतः रोक लगाते हुए विभाग परिवर्तन एवं प्रवर्ग परिवर्तन से शेष रहे पदो पर नियुक्ति पत्र प्रदान करें आदि विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में तरवर सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कुमार चौधरी, धीरज अहिरवार, अमित सिंह आदि की उपस्थिति रहीं।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पोस्टर का किया विमोचन



**दमोह।** पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई 2024 को आयोजित होना है। इसके संदर्भ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में आयोजित प्राचार्य समीक्षा बैठक में भोपाल से प्राप्त पोस्टर का विमोचन किया। क्विज मास्टर मोहन राय ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई 2024 को किया जाएगा अभी तक जिले में 72 विद्यालयों द्वारा पंजीयन कर दिया गया है। शेष सभी कक्षा 9वीं से 12वीं तक के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों द्वारा भी पंजीयन अपेक्षित है, ताकि प्रतियोगिता को एक उत्सव की तरह संपन्न किया जा सके। पोस्टर विमोचन में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, सहायक संचालक नन्हे सिंह ठाकुर, एडीपीसी एस के असाटी, आलोक सोनवलकर व जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### प्रत्येक गुरूवार सभी बैंकों में किए जाएंगे सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार प्रत्येक गुरूवार को दमोह जिले की सभी बैंकों की सभी ब्रांचेस में सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी ने कहा है जिन हितग्राहियों के किसी भी सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरण यदि किसी भी बैंक की किसी भी शाखा में लंबित है तो वह गुरूवार को उस शाखा के शाखा प्रबंधक से संपर्क करें, सरकारी योजनाओं से संबंधित सभी जिला अधिकारी भी आज उन सभी प्रकरणों का फॉलोअप लेंगे जो उनके द्वारा बैंकों में जमा किए गए हैं। यदि किसी भी हितग्राही को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वह लीड बैंक ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं या फोन के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं।

### समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे जनपद सीईओ

**पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया में पदस्थ प्रभारी सीआईओ जिला मुख्यालय से आना-जाना करते हैं जिसके कारण वह 12:00 बजे के पहले अपने कार्यालय में नहीं पहुंच पाते हैं। शासन प्रशासन के निर्देश आदेश जारी हुए कि सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहने के लिए लेकिन उसके बाद भी कार्यालय प्रमुख स्वयं जब समय पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं तो अन्य अधीनस्थ कर्मचारी कैसे समय पर पहुंच पाएंगे। वहीं प्रति मंगलवार जनता की समस्या के समाधान हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम 11:00 बजे से 1:00 तक तय है फिर भी उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद आप पर कोई फर्क नहीं पड़ता। साहब अपने समय से ही आना-जाना करते हैं मुख्यालय पर निवास ना बनाकर जिले में 30 किलोमीटर दूर रहते हैं जिससे क्षेत्र में भ्रमण तो दूर कार्यालय समय पर ही पहुंच जाए तो बहुत है। जिला कलेक्टर से स्थानीय जनता की गुहार है की अधिकारी अपने समय पर पहुंचे जिससे उनके आवश्यक शासकीय कार्य समय पर हो सके।

इन्हें संरक्षित कर पर्यटन के नक्शे पर लाने का प्रयास जारी रहेगा

## पुरातत्व और पर्यटन की दृष्टि से सम्पन्न है दमोह जिला: कलेक्टर

**कलेक्टर ने अल सुबह पहुंचे वंशीपुर प्राचीन मठ और बांध का किया अवलोकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अल सुबल 6:30 बजे जबेरा के ग्राम वंशीपुर ग्राम पहुंचे। उन्होंने पहाड़ पर बने प्राचीन मठ का अवलोकन किया और इसे संरक्षित करने के लिए सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर वंशीपुर ग्राम के निकट एक पहाड़ी के किनारे पहुंचें जहां कई साल पहले पत्थरों का एक मजबूत बांध बनाया गया था। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि यहां दूर तक दिखाई देते एक से आकार के हजारों पत्थर पुरानी तकनीक का कमाल है जहां नदी किनारे बांध बनाया गया, यहां आकर अच्छा लगा, दमोह जिला पुरातत्व और पर्यटन की दृष्टि से बहुत संपन्न है इसे पर्यटन के नक्शे पर लाने का प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ग्रामीणों से भी रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना बिजली, सड़क की सुचारू व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही पानी की बर्बादी पर नाराजगी जताई एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था और जन जागरूकता के लिए भी निर्देशित किया। इसके उपरांत श्री कोचर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे और दैनिक पंजी, पोस्टर देखने के बाद छात्रों की एवं भोजन की जानकारी ली। गांव के स्कूल एवं अन्य स्थानों पर सुधार के लिए भी निर्देशित किया। तदोपंरात श्री कोचर तांवरी के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। जहां बच्चों की कम संख्या, रजिस्टर में अधूरी जानकारी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर कलेहरा के निकट मैली के प्राथमिक स्कूल पहुंचे। जहां छोटे बच्चों के साथ समय बिताया, उनसे पढ़ाई के बारे में पूछा और साथ में फोटो भी खिचवाई, बच्चों ने भी कलेक्टर द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब दिए।

## दाम बढ़ने से बिगड़ा रसोई का गणित

**बारिश होते ही बढ़े सब्जियों के दाम, 80 फीसदी बाहर से आ रही सब्जियां**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

मानसून की बारिश के बाद हरी सब्जियों के दाम सिर चढ़कर बोल रहे हैं। अब इनका असर लोगों की रसोई में दिखने लगा है। सब्जियों के दाम एक सप्ताह से बढ़ गए हैं, जिसमें धनिया खुले बाजार में 300 रुपए, लहसुन 200 रुपए, अदरक 200 रुपए, टमाटर 80 रुपए, परवल 100 ,गिल्की 40, बेगन 40, प्याज 40 पत्ता गोभी 40 ,शिमला मिर्च 100,करेला 80 , हरी मिर्च 100 बिक रही है। छोटे और बड़े सब्जी व्यापारियों ने बताया कि नगर में सब्जी की आवक कम हो गई हैं।

**दामो में हो लगातार बढ़ोतरी**

सब्जी दुकानदार राजा ठाकुर ने बताया कि सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। जहां पहले टमाटर, आलू व प्याज और हरी मिर्च की दाम काफी कम थे उनमें डेढ़ से दोगुना रुपयो की बढ़ोतरी हुई है । अब इनकी कीमत सैकड़ों में पहुंच गई हैं। सिर्फ यही नहीं दूसरी सब्जियों के दाम में वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण बाहर से सब्जियां आना का आना है क्योंकि क्षेत्र में सब्जियां नहीं होती जिसका खामियाजा आम लोगों की भुगतना पड़ रहा है।

**बारिश भी एक बजह**

किसानों ने बताया कि बारिश होने के बाद अब से करीब एक माह पहले ही खेतों में हरी सब्जी की बोवनी कर दी जाती थी, लेकिन इस बार पानी नहीं गिरा तो किसानों के लिए संकट बढ़ गया। किसान खेतों में सब्जी नहीं थी पाए इसका असर बाजार में साफ देखने को मिल रहा है। स्थिति यह है कि मंडी के अंदर कोई भी हरी सब्जी पर्याप्त मात्रा में नहीं दिख रही है। ऐसे में एक और जहां व्यापारी चिंतित है, तो वहीं दूसरी ओर आम लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई। बाहर से आ रही सब्जियां नगर के मंडी व्यापारी अभिषेक कुकरेले ने बताया कि नगर एवं क्षेत्र में सब्जियों की उपज इस समय समाप्त हो चुकी हैं, इस मौसम में सब्जियां 4 सौ से लेकर 5 सौ किलोमीटर दूर दूसरे राज्यों से बुलाई जा रही है जिसके कारण सब्जियों के दाम एक सप्ताह पहले की अपेक्षा थोक में डेढ़ से दोगुने बढ गए है जिसके कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थोक में सब्जियों के वर्तमान मै दाम पहले की अपेक्षा अधिक हो गए हैं जैसे भिंडी पहले 20-25 बिक रही है अब 25-30 बिक रही है गिल्की पहले 10 -15 रूपये थी अब 20 25 बिक रही है टमाटर पहले 30 से 40 था अब 60-65 रुपए बिक रहा है प्याज 20 से 25 थी अब 35- 40 बिक रहा है अदरक पहले 80-100 था अब 120-140 रुपए बिक रहा है।

**बिगड़ा बजट**

नगर की गृहणीयो निशा जैन, सपना केवट, लक्ष्मी यादव, रजनी केवट,आरती रैकवार ने बताया कि बीते सप्ताह तक जितनी सब्जी 200 रुपए में आ जाती थी. वह सब्जी 400 रूपयो में आई है बीते सप्ताह तक फेरी लगाने वाले दुकानदार घर आकर टमाटर 30 से 40 रुपए किलो में बेच रहे थे। आज वहीं टमाटर 80 रुपये किलो मिल रहा है इसके साथ ही समस्त सब्जियों के के दामों काफी बढ़ोतरी हो गई है ऐसी स्थिति में घर का बजट बिगड़ रहा है।

## पड़रिया थोबन में होम स्टे योजना की राज्य सरकार ने दी स्वीकृति

**दमोह।** राज्य शासन के पर्यटन विभाग द्वारा प्राप्त पत्र अनुसार पड़रिया थोबन गांव में होम स्टे योजना है, यानी ग्रामीण पर्यटन योजना को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है पड़रिया थोबन गांव में गृह पर्यटन यानी होम स्टे के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकेगा। यह एक बड़ी सफलता है दमोह जिले के लिए, हमारे यहां पर पहला होम स्टे हमको मिला है और इससे न केवल दमोह का पर्यटन बढ़ेगा बल्कि रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया यहां पर पर्यटन और पुरातत्व की असीम संभावनाओं को देखते हुए राज्य शासन से अनुरोध किया है कि यहां पर जल्दी ही एक बड़ा निरीक्षण दल भेजा जाये ताकि यहां की पुरातात्विक और ऐतिहासिक संस्थाओं को ढंग से देख सकें और उसके बाद एक कार्य योजना बना कर उस पर अमल किया जा सके, ताकि यहां की पुरातत्व और पर्यटन संपदा का हम संरक्षण कर सके। कलेक्टर श्री कोचर ने ग्राम स्टे योजना (गृह पर्यटन योजना) स्वीकृत होने पर ग्राम वासियों को बधाई दी और विशेष रूप से अनुज बाजपेई जो वहां पर लगातार समाज सेवा और ग्रामीण विकास के काम में लगे रहते है, उनको भी बधाई दी। श्री कोचर ने कहा श्री बाजवेयी ने इसमें बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा मैं आशा करता हूं कि इस योजना का लाभ पूरे ग्रामवासी अवश्य उठाएंगे।

## कलेक्टर ने अपने माता-पिता के साथ आम का पौधा किया रोपित

**दमोह ।** ‟एक पेड़ मां के नाम‟ अभियान अंतर्गत कलेक्टर निवास परिसर में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने माता-पिता के साथ आम का पौधरोपण किया गया। इस दौरान कलेक्टर निवास परिसर में आम, आंवला, जामुन, नीम, करंज के 51 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही उद्यानिकी सहायक संचालक उद्यानिकी यश कुमार सिंह ने भी अपने माता-पिता के नाम आवलां और आम पौधों का रोपण किया।



## कॉरिडोर निर्माण हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा बैठक का आयोजन

**दमोह।** बुंदेलखंड के अति प्राचीन और प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में भव्य और दिव्य कॉरिडोर निर्माण हेतु श्री जागेश्वर नाथ धाम भक्त मंडल और सर्व हिंदू समाज निरंतर प्रयासरत है। बांदकपुर धाम में कॉरिडोर निर्माण हेतु मध्य प्रदेश सरकार एवं संस्कृति और पर्यटन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से बांदकपुर धाम में श्री जागेश्वर नाथ लोक बनना प्रस्तावित है जिसका कार्य बहुत जल्द प्रारंभ होने वाला है जिले में अनेक भगवान भोलेनाथ के भक्त हैं जिनके मन में अनेक प्रकार के विचार और सुझाव है उन सभी के सुझाव लेने हेतु सर्व हिंदू समाज के माध्यम से आज एक सुझाव हेतु बैठक दोपहर 3:00 बजे से जटाशंकर स्थित मानस भवन में आयोजित की जाएगी। सर्व हिंदू समाज ने ऐसा आग्रह और निवेदन जिले वासियों से किया है कि वह इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर अपने सुझाव दें ताकि कॉरिडोर भव्यता और दिव्यता के साथ-साथ व्यवस्थित रूप ले सके।



## श्री गुरूनानक और सेंट जॉन्स हायर सेकेण्ड्री विद्यालय पर 50-50 हजार रूपये का जुर्माना

**दमोह।** श्री गुरूनानक और सेंट जॉन्स हायर सेकेण्ड्री विद्यालय के प्राचार्यो द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण एवं तर्क समाधान कारक नहीं पाए जाने के फलस्वरूप विद्यालय द्वारा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं इसके अंतर्गत निर्मित नियम 2020 के नियम का उल्लंघन किए जाने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एवं समिति सचिव एसके नेमा ने विद्यालय के विरूद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 की धारा के अंतर्गत श्री गुरूनानक हायर सेकण्डरी स्कूल जबलपुर नाका दमोह एवं सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर नाका दमोह पर 50-50 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की है। ज्ञातव्य है राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से कतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने हेतु अभिभावकों/ पालकों पर अनुचित दबाब बनाने एवं अभिभावकों को दुकान विशेष/निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षणिक सामग्री अथवा यूनिफार्म क्रय करने हेतु अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किये जाने का तथ्य सामने आने पर म.प्र. शासन, द्वारा संज्ञान लिया गया है, उक्त के अनुक्रम में जिला दमोह में जिला समिति द्वारा जिले की आम जनता/पालकों /विद्यार्थियों /अभिभावकों आदि से विभिन्न स्त्रोतों से इस संबंध में अपनी शिकायतें जिला समिति को प्रेषित करने का आग्रह किया गया था। इस संबंध में श्री गुरूनानक और सेंट जॉन्स हायर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा यूनीफार्म में रेड, ग्रीन, यलो रंग के जूते अनिवार्य किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर उक्त दोनों विद्यालयों को जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला समिति जिला दमोह द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र दिए गए।

## करेन्ट लगने से युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थाना के अंतर्गत ग्राम बिलतरा में अभिनंदन पिता विष्वनाथ विष्वकर्मा 20 की स्वयं के हार के कुंआ के पास सोमवार को शव पड़ा हुआ मिला था। जिसकी मोटर पम्प के लिए विछाए गए तारो से करेन्ट लगने से मौत होने की पुस्टि हुई है। जिस कारण परिवार के लोग अभिनंदन के साथ दुर्घटना किए जाने की अंदेषा जता रहे है। मृतक के पिता विष्वनाथ विष्वकर्मा ने बताया है कि मेरा पुत्र अभिनंदन इकलौता बेटा था। रविवार की शाम को घर से गया था। लेकिन दूसरे दिन उसका शव कुआ के पास मिला है। जिसकी मौत करेन्ट लगने से हुई है। जिस तार से मौत हुई है वह तार लटटू एवं बोहत सिंह की मोटर का था जिन्होने ने डीपी से कुआ तक मोटर पम्प चलाने के लिए खीचे हुई थे और वही तार अभिनंदन के हाथो में फसा हुआ था। जिससे मौत हुई है और हमे शंका है कि अभिनंदन के साथ कोई बड़ी दुर्घटना को अंजाम दिया है। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया है कि अभिनंदन की मौत करेन्ट लगने से हुई है। जिस कारण मोटर पम्प का तार सहित वहां से मिली सभी सामग्री जप्त की गई है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है। दो लोगो के तार कुआं तक खिचे होने की जानकारी मिली है। इसके अलावा वहां पर पदस्त लाईन मेंन के भी बयान लिए जाएगें। बयानो में जिसकी मोटर लगे हुए थी या जिसने तार खीचा था उसके नाम आने पर उनकी उपर भी लापरवाही करने का मामला दर्ज किया जाएगां।

कृषि विभाग ने एनपीके के उपयोग की दी सलाह....

## अच्छी बारिश की बाद बुवाई के लिए खेतों में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई अच्छी बरसात के बाद किसान खेतों में खरीफ फसलों की बुवाई में जुट गए हैं। इन दिनों बरसाती खेती का सीजन जोर से चल रहा है, बरसाती खेती के तहत सोयाबीन मक्का उड़द मूंग आदि फसलों की बुवाई की जाती है। अनुविभाग हटा के ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ किसानों ने बारिश के पूर्व मक्का की बुवाई कर दी थी लेकिन बारिश नहीं होने के कारण मक्का की फसल धीरे-धीरे अलग-अलग हिस्सों में उग रही है और फसल को उगते समय मैं देरी होती है। पिछले दो दिनों से जारी बारिश के दौर से गांव के खेतों में चारों ओर ट्रैक्टर एवं वनांचल क्षेत्र में हल चलते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में विगत दो-तीन दिनों से अच्छी बारिश होने के बाद किसानों में खुशी की लहर देखी जा रही है। किसान बोवनी के लिए खेतों को तैयार करने में रात-दिन जुटे हुए हैं और कुछ किसान बुवाई करते हुए नजर आ रहे हैं।

**डीएपी के स्थान पर एनपीके की सलाह**

कृषि विकास विभाग द्वारा कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। हटा के वरिष्ठ कृषि अधिकारी एमपी सरवैया ने किसानों को अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती है। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाइयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में भी कमी आती है एवं इसके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।

## निर्यापक मुनि श्री नियम सागर जी की ससंघ की हुई भव्य अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



निर्यापक मुनि श्री नियम सागर जी महाराज दमोह नगर आगमन पर समाज के द्वारा जोरदार ढंग से मंगल अगवानी की गई इस मौके पर अनेक संस्थाओं के सदस्य एवं पदाधिकारी की उपस्थिति रही विभिन्न महिला मंडलों के द्वारा विभिन्न चौराहों पर मंगल कलश लेकर अगवानी में सहभागिता रही। अनेक प्रमुख स्थानों पर रंगोली सजाई गई । तोरण द्वार लगाए गए एवं पद प्रक्षालन से निर्यापक मुनि श्री का आशीर्वाद भक्तगणों ने प्राप्त किया।

मुनि श्री नगर के पुराने थाने से सीधे नन्हे मंदिर जैन धर्मशाला पहुंचे जहां उन्हें श्री जी के दर्शन उपरांत उनकी मंगलिक देशना हुई प्रवचन के पूर्व दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष के साथ प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने बड़े बाबा एवं छोटे बाबा के चित्रों का अनावरण किया मुनि श्री का पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सुनील जैन क्रोकरी परिवार को प्राप्त हुआ तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य रश्मि आनंद बीएसएनल एवं सीमा सुनील वेजीटेरियन परिवार को प्राप्त हुआ इस मौके पर निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी के मुखारविंद से आचार्य श्री की मंगलमय पूजन की गई पूजन उपरांत निर्यापक मुनि श्री नियम सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि दमोह खतरनाक नहीं है बल्कि मोह खतरनाक है दमोह में संतों का समागम मिलता रहता है और संतों के सानिध्य से मुक्ति का द्वार दिखता रहता है यह मानव अनादि काल से जन्म मरण करता आ रहा है किंतु अब ऐसा मरण होना चाहिए कि दोबारा जन्म ना हो मोह को तोड़ना ही मोक्ष मार्ग को खोलना है भगवान मोह रहित होते हैं हम मंदिर जाते हैं ताकि मोह को समझ सकें और मोह भाव को परास्त करने की कला सीख सकें भारत एक धर्म प्रधान देश है इस जीवन में सबसे दुर्लभ रत्नत्रय को प्राप्त करना है जिसे प्राप्त करने के बाद ही मोक्ष मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

## जागरूकता शिविर का आयोजन




**दमोह।** मिशन शांति 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 सप्ताह अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित कानून पर सैडमैप दमोह के प्रशिक्षण केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश विधिक सेवा प्राधिकरण संयोजक विधिक साक्षरता अभियान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी संजीव मिश्रा यूनिसेफ, वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी, जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। ऐसे अवसर पर विशेष जिला न्यायाधीश ने महिलाओं को अपने उद्बोधन में बताया कि दिनांक 1 जुलाई से न्याय संहिता में लैंगिक अपराधों के लिए विशेष न्याय पद्धति लागू की गई है। जिसकी जानकारी सभी को होना अति आवश्यक है। हर एक उपस्थित महिला द्वारा अन्य दूसरी महिलाओं को जागरूक करना आवश्यक है। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा न्यायिक प्रक्रिया के विषय में उत्सुकता एवं सवाल पूछे गए जिसका जवाब उपस्थित जिला न्यायाधीश द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार सेट मैप जिला को ऑर्डिनेटर पीएन तिवारी द्वारा किया गया।

**OFFICE OF THE NAGAR PALIKA PARISHAD HATTA -DIST DAMOH**

NIT No. 390 — **(Second Call) Notice Inviting e-Tenders** — Dated: 03-07-2024

Online lumpsum bids for the following works under "sbm (u) - 2.0" (estimated on uadd issr (w.e.f- 02.08.2021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria

| Tender ID | Scope of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Time of Completion including rainy season |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_355110_1 | 1. Design and build sewage treatment plant of installed capacity 3.60 MLD and all appurtenant structures and allied works; 2. Survey. review the designs redesign where necessary, and diversion works of Nallahs with interception sewer of about 1.10 Km length \including survey. design, construction of 2 No. of Pumping stations and all appurtenant structures and allied works; and 3. Operation & maintenance of the complete works of sewage treatment plant, Intercepting sewer and/ or interception & diversion works of Nallahs and pumping stations for a period of 05 years after completion of works, including defect liability period (DLP) of 5 year, starting from the date of commission of the project | 690.75 | 345373/- | 20000/- | 12 months |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in 2. The Bid Document can be purchased only Online from 10:30 Hrs. of 04-07-2024 to 17:30 Hrs. of 20-07-2024. 3.Amendment to NIT, if any, would be published on web site only, and not in Newspaper. 4. GST shall be payable extra as per Govt. rules.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PALIKA PARISHAD HATTA
DIST DAMOH